तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023



13 शिव महापुराण कथा के लिए हुई वेदी पूजा





14 साईं जन्मोत्सव पर छोटा शिरडीधाम में लगा भक्तों ...









एसएमसी हॉस्पिटल
अजुर्नी, धमतरी
नवनिर्मित, सर्वसुविधायुक्त, 100 बिस्तरों का हॉस्पिटल
● अनुभवी विशेषज्ञों की टीम ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
संपर्क करें - 77250-01343, 77250-46397
- जनरल सर्जरी - हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
- स्त्री रोग - नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, हिस्टेरेक्टॉमी
- मेडिसिन - शुगर, बीपी, थाइरोइड, अस्थमा
- शिशु रोग - नवजात से लेकर किशोर बच्चो का इलाज
- एंडोस्कोपी - पेट, लिवर, पैंक्रियास की बीमारियां
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी - पित्त की थैली की पथरी, ईईजी, टीएमटी, कॉल्पोस्कोपी, ईसीजी, मैमोग्राफी जैसे अत्याधुनिक मशीनों से जाँच एवं इलाज की सुविधा।


डॉ. प्रदीप साहू
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच, शल्यचिकित्सा विशेषज्ञ



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल :- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भार्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता :- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला. भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल :-76972-12782


## खबर संक्षेप

### नवागांव में मड़ई 31 को

**डांडेसरा(धमतरी)**। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम नवागांव (कण्डेल) में गुरू घासीदास जयंती पर 31 दिसम्बर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए झन भूलौ मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम मोखा (पचपेड़ी) का कार्यक्रम रखा गया है। इसकी तैयारी में परमानंद, अशोक सोनवानी, प्रहलाद मार्कण्डेय, हेमंत डहरिया, लीला कुर्रे, रामेश्वर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू, अशोक साहू, माखन साहू, लक्ष्मण यादव, देवानंद, धनराज आदि जुटे हुए हैं।

### 1 जनवरी को कुकरेल मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)**। इस साल भी ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी सोमवार को कुकरेल की मड़ई रखी गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ महतारी कुम्हारी चंपारण का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी शंकर लाल सेन, श्याम लाल कोर्राम, जगदीश ध्रुव, थानुराम पटेल, गिरधारी सिन्हा ने दी है।

### सरबदा में 7 को होगी मड़ई

**अंवरी**। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सरबदा में 7 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सोन के मुंदरी पोटियाडीह धमतरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच चैतन्यगिरी गोस्वामी ने दी है।

### बाजार कुर्रीडीह में मड़ई 10 को

**कुकरेल(धमतरी)**। ग्रामवासियों के सहयोग से 10 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिये खलारी जिला बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। यह जानकारी शीतला मंदिर के पुजारी सहदेव नेताम, परस मरकाम, सावंतराम, गैतराम, तुलसीराम ने दी है। मड़ई की तैयारी में हेमंत पटेल, संतराम, श्यामलाल समेत अन्य जुटे हैं।

### सुशासन दिवस पर कल मिलेगा 80 हजार किसानों को उपहार

# बंद 1400 खातों में कैसे आएगा दो साल का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में 14 सौ से ज्यादा किसानों के खाते बंद हो गए हैं। इन खातों में ही किसानों ने 2015 और 2016 में धान बेचा था। इनमें अधिकांश खाते तो किसान की मृत्यु के बाद बंद हुए हैं। ऐसे में इन किसानों के उत्तराधिकारियों की बेचैनी बढ़ गई है। सभी किसानों को बोनस मिलेगा, लेकिन उन्हें फिलहाल बोनस नहीं मिल पाएगा।

जानकारी के अनुसार राज्य की भाजपा सरकार ने चुनाव के वक्त अपने पिछले कार्यकाल में बकाया दो साल का बोनस किसानों को देने की घोषणा की है। किसानों को प्रति क्विंटल 300 रुपए का बोनस मिलेगा। जानकारी के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए इसी दिन किसानों को यह उपहार दिया जाएगा। जिले में करीब 80 हजार किसानों की लिस्ट बनाई गई है, जिन्हें यह बोनस मिलेगा। यह बोनस 7-8 साल पुराना है। उस वक्त जिन किसानों ने धान बेचा था, उन्हें ही लाभ दिया जाएगा। विडंबना यह है कि इन 7-8 सालों में कई किसानों की मौत हो चुकी है। उनके खाते बंद कर दिए गए हैं। अब खेती उनके उत्तराधिकारी करते हैं। मृत किसानों का खाता बंद कर उत्तराधिकारियों के नाम पर नया खाता खोला गया है। मृतक किसान के बाद बोनस पर उत्तराधिकारियों का अधिकार बनता है लेकिन मृतक का खाता बंद होने के कारण उन्हें यह लाभ नहीं मिल पाएगा। इसे लेकर उत्तराधिकारी किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### 1640 किसानों की लिस्ट तैयार

शासन द्वारा जिले के 1460 किसानों को ट्रेस किया गया है, जिनका खाता बंद है। इन खातों की जानकारी जिला सहकारी बैंक में भेजकर इन किसानों के खातों में संशोधन करने का आदेश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 1460 में से मुश्किल से 70-80 खातों का ही संशोधन हो पाया है। बाकी खातों में किसानों की मौत या अन्य कारणों से संशोधन अभी नहीं हो पाया है। बताया गया है कि तहसीलदार द्वारा इन किसानों के उत्तराधिकारियों की पहचान की जाएगी। उनके बाद ही उनके खातों में संशोधन किया जाएगा और बोनस की राशि किसानों को दी जाएगी।



### किसानों से डेढ़ सौ करोड़ की वसूली

खरीदी केंद्रों में किसान धान तो बेच रहे हैं लेकिन उसमें से अधिकांश राशि कर्ज की वसूली में कट जा रही है। अब तक 71 हजार 983 किसानों ने 608 करोड़ 40 लाख 56 हजार रुपए का धान बेचा है। इसमें से 151 करोड़ 45 लाख रुपए लिंकिंग खरीदी के रूप में किसानों से कर्ज की वसूली गई है। अब तक कुल 27 लाख 79 हजार 717 क्विंटल धान की खरीदी हुई है, जिसमें से 18 लाख 60 हजार क्विंटल धान का उठाव हुआ है।

# जिले की सभी जनजातियों का बनाया जायेगा आयुष्मान कार्ड

### 15 कमार जनजाति का बनाया गया कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की सभी कमार जनजाति के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर में 15 कमार जनजाति के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र कुमार मण्डल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगरी ब्लाक के ग्राम कुर्रीडीह व बनबगौद में कैम्प लगाया गया जहां 15 कमार जनजाति के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। सीएमएचओ श्री मण्डल ने बताया कि जिले की सभी कमार जनजाति के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने तक स्वास्थ्य विभाग का कार्य लगातार जारी रहेगा। इस कार्य के लिये विशेष टीम बनाई गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं से 2 हजार 472 लोगों की जांच की गई जिसमें गोरेगांव में 205, मोतिमपुर 528, कुण्डेल 987, जीजामगांव 246, कोड़ापार 312, अरौद 72, लीलर में 122 लोगों की जांच हुई है। जांच में कुल संभावित टीबी रोगी 193, बीपी 138, शुगर 99, सिकलिन के 17 संभावित मरीज व 42 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित हितग्राही एवं टीबी से ठीक हुये 40 लोगों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। यात्रा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रदर्शन, निर्माण व वितरण, टीबी रोग के लक्षण सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान केन्द्र सरकार के संयुक्त सचिव आब्जर्वर शिविर में उपस्थित भीड़ व विभाग द्वारा दी जा रही जानकारी से अवगत हुये।

## बासी मड़ई में जुआ खेलते 6 जुआरी पकड़ाए



**मगरलोड**। ग्राम परसाबुड़ा की मड़ई 19 दिसंबर को थी। मड़ई के दूसरे दिन गांव के चर्टरा मैदान में जुआ खेलने की सूचना पर मगरलोड पुलिस ने दबिश देकर 6 जुआरी छन्नू रात्रे पिता रामाधीन रात्रे उम्र 63 वर्ष ग्राम रामपुर थाना भखारा, पिन्टू सोनवानी पिता साबिर उम्र 35 वर्ष ग्राम भरदा थाना गुरूर जिला बालोद, तेजासिंग पिता कल्लू महिलांगे उम्र 56 वर्ष ग्राम कंवर जिला बालोद, नारायण सेन पिता अधीन सेन उम्र 55 वर्ष ग्राम कुल्हाड़ीकोट थाना मगरलोड, पंचराम ध्रुव पिता पवन सिंह ध्रुव उम्र 40 वर्ष ग्राम हथबंद थाना मगरलोड, प्रदीप कंवर पिता चैतराम कंवर उम्र 24 वर्ष ग्राम बेन्द्राचुवा थाना मगरलोड को पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश एवं नगदी रकम 3460 रूपये जब्त की गई। इनके विरूद्ध जुआ एक्ट धारा 3 (2) की कार्रवाई की गई।

# कंटेनर-पिकअप भिड़ंत में दूसरी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





गट्टासिल्ली मार्ग में हुई कंटेनर व पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल चालक ने दम तोड़ दिया है। घटना में पिकअप सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह बेलर से पिकअप क्रमांक सीजी 05 एके 6264 ग्राम मोहलई-कुकरेल लौट रही थी। इसी दौरान भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सिक्सलेन रोड निर्माण के लिए रायपुर की तरफ से राखड़ लेकर कंटेनर क्रमांक आरजे 05 जीबी 7691 आ रहा था। गट्टासिल्ली मार्ग में कंटेनर व पिकअप की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पिकअप में सवार 15 वर्षीय शुभम नेताम ग्राम मोहलई थाना केरेगांव निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल पिकअप चालक विशाल ध्रुव पिता नरेन्द्र उम्र 21 वर्ष ग्राम बनबगौद थाना केरेगांव निवासी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान पिकअप चालक विशाल ध्रुव की शनिवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


परिजनों ने बताया कि विशाल पिछले दो साल से ग्राम मोहलई की पिकअप को चलाने का काम कर रहा था। काम पर आने-जाने के लिए युवक जवरगांव निवासी अपने मामा लोकेश नेताम के घर रहा रहा था।


हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


# पेड़ काटने पहुंचे मजदूर बने आरोपी, मुख्य आरोपी फरार

- सदर बाजार में 150 साल पुराने पेड़ को काटने से प्रवासी पक्षियों की मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सदर बाजार में पक्षियों की मौत पर मजदूरों को निशाना बनाया गया। एक व्यवसायी को मुख्य आरोपी बनाया गया है। अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सदर बाजार में 150 साल पुराना पेड़ था, जिसे धराशायी कर दिया गया। पेड़ काटने के लिए वन विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी। इस पेड़ पर पक्षियों को बसेरा था। प्रजनन के लिए आए प्रवासी पक्षी कॉमोरेंट (पनकौआ) का घोसला भी इसी पेड़ पर था। पेड़ के धराशायी होने से प्रवासी पक्षियों सहित करीब 200 पक्षियों की मौत हो गई। पर्यावरण प्रेमियों की शिकायत के बाद वन विभाग ने इस मामले में कार्रवाई शुरू की। तब तक सड़क पर अधिकांश पक्षियों की लाश को कुत्ते खा गए। वन विभाग ने 28 पक्षियों की लाश बरामद की और पेड़ काटने पहुंचे ग्राम लोहरसी के तीन मजदूर सहित एक व्यवसायी के खिलाफ वनजीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। विडंबना यह है कि इस मामले में एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पेड़ को काटने में जिन मशीनों और औजारों का उपयोग किया गया है, उसे भी जब्त नहीं किया गया है।

### बुरे फंसे मजदूर

इस मामले में मजदूरों को आरोपी बनाया गया है। गांव के मजदूर दूसरे के कहने पर मजदूरी करने आए थे। उन्हें यह मालूम ही नहीं था कि मामला इतना संवेदनशील है। पेड़ को काटने के लिए 5 घंटे तक बिजली भी बंद की गई। अब तक बिजली विभाग के कर्मचारियों से पूछताछ नहीं की गई है कि बिजली बंद रखने के लिए आवेदन किसने किया था।

### फोन उठाने से बच रहे अधिकारी


मामला बढ़ता देख वन विभाग के अधिकारी भी जवाब देने से कतरा रहे हैं। किसी का मोबाइल स्वीच ऑफ आ रहा है तो कोई कॉल ही रिसीव नहीं कर रहा है। आरोप तो यह भी है कि इस मामले में मुख्य आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है। उधर धमतरी वाइल्ड लाइफ वेलफेयर सोसाइटी ने इस मामले की शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित वन विभाग के बड़े अधिकारियों से की है।

### नगरी प्रशासन मंत्रालय ने जारी किया आदेश

# नगरीय निकायों के एल्डरमेनों की नियुक्तियां हुई समाप्त

- धमतरी जिले के 1 निगम सहित 5 नगर पंचायतों के 23 मनोनीत पार्षद थे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के नगरीय निकायों में नियुक्त सभी मनोनीत पार्षदों (एल्डरमेन) की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। शुक्रवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज एफ तंबोली ने शुक्रवार को आदेश जारी किया है कि छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 9 उपधारा (1) खंड (ग) अथवा अधिनियम 1961 की धारा 19 उपधारा (1) खंड (ग) के प्रावधानों के अनुसार नामांकित पार्षद के रूप में (एल्डरमेन एवं दिव्यांग मनोनीत सदस्य) की गई नियुक्तियां राज्य शासन तत्काल प्रभाव से समाप्त करता है।

नगरीय प्रशासन मंत्रालय से आदेश जारी होते ही जिले एवं नगर पालिक निगम तथा 5 नगर पंचायतों के 23 मनोनीत पार्षदों की सेवाएं समाप्त हो गई हैं। धमतरी नगर निगम में 8 एल्डरमेन की नियुक्तियां हैं जिसमें अरूण चौधरी, विक्रांत शर्मा, नरेश जसूजा, विशाल शर्मा, अवधेश पांडे, सूर्याराव पवार, लखन पटेल हैं। ज्ञात हो कि साल 2018 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद जिले के नगर पंचायत आमदी, कुरूद, भखारा, नगरी, मगरलोड में तीन-तीन एल्डरमेन की नियुक्तियां की गई थीं। वहीं नगर पालिक निगम में 8 एल्डरमेन की नियुक्ति की गई थी। भाजपा सरकार बनने के बाद भूपेश सरकार के कार्यकाल में निकायों में नियुक्त सभी एल्डरमेन की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

### निगम, आयोग से हटेंगे 8 कांग्रेसी नेता

कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद धमतरी को खास प्रतिनिधित्व देते हुए आठ कांग्रेसी नेताओं की विभिन्न निगम, आयोग में नियुक्ति की गई थी। अब भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार की सभी नियुक्तियां रद्द हो जाएंगी। धमतरी में जिन नेताओं को महत्वपूर्ण पदों पर नवाजा गया था उसमें नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड अध्यक्ष मोहन लालवानी, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान, राज्य मदरसा बोर्ड सदस्य अशरफ रोकड़िया, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष मदन मोहन खंडेलवाल, राज्य उर्दू बोर्ड सदस्य नजीर अहमद सिद्दीकी, राज्य कृषक कल्याण परिषद सदस्य शशि गौर शामिल हैं।


## शोक संदेश



अश्रुपूरित हृदय से आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माताजी **श्रीमती शांतिबाई सिन्हा** का 22 दिसंबर 2023 को (निधन) स्वर्गवास हो गया है। अतः उक्त कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर मृत देह की अमर आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु प्रार्थना में शामिल होने की कृपा करें।

स्व. श्रीमती शांतिबाई सिन्हा
जन्मतिथि : 01.01.1925 स्वर्गवास : 22.12.2023

तिजनाहवन एवं संपूर्ण कार्यक्रम
24.12.2023, रविवार
स्थान : ग्राम झाझरकेरा
तालाब कार्यक्रम 12 बजे

शोकाकुल परिवार
राधेश्याम, चेतन कुमार, उदेराम, भूषण, डेमन, हुमन, नरोत्तम, रामकुमार, संतोष, रूपेन्द्र, उत्तम, डोमेश्वर, हेमलाल, केशव एवं समस्त सिन्हा परिवार।

विनीत -
फगुवाराम सिन्हा (पुत्र)
फागुराम सिन्हा (पुत्र)
हरिराम सिन्हा (पुत्र)
मंगलुराम सिन्हा (पुत्र)
ग्राम - झाझरकेरा

टीप : जिस किसी सज्जन को आमंत्रण कार्ड नहीं मिला हो कृपया इसे स्वीकार कर कार्यक्रम में शामिल होंवे।

## खबर संक्षेप



### सुशासन दिवस के रूप में मनेगी अटल की जयंती

**नगरी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को 25 दिसंबर को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जनपद पंचायत नगरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकनाथ पटेल ने बताया कि विकासखंड नगरी अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अटल चौक की साफ-सफाई, सुशासन का संकल्प लेना, सुबह 10 बजे अटल चौक पर स्व. अटल के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किए जायेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पदाधिकारी, सचिव उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### गैंदलाल दीवान



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी गैंदलाल दीवान 78 वर्ष का 22 दिसंबर शुक्रवार को स्वर्गवास हो गया। वे राजेश दीवान, परमेश्वर दीवान के दादा थे। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीणजन शामिल हुए।

युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण साहू समाज ने किया आयोजन

# खम्हरिया के स्वास्थ्य शिविर में इलाज के लिए उमड़े लोग

- स्वस्थ समाज के लिए लोगों का स्वस्थ रहना जरूरी : अवनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा/नगरी



संचालनालय आयुष विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ एवं जिला आयुर्वेद विभाग धमतरी के मार्गदर्शन में युवा ग्रामीण साहू समाज खम्हरिया द्वारा निःशुल्क विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज धमतरी थे। अध्यक्षता दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ने की। विशेष अतिथि पुनीत साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, महेश्वरी साहू अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी, लालसिंह साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज, अनिरूद्ध साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी, ईश्वर पटेल जनपद सदस्य नगरी, लक्ष्मी कश्यप सरंपच खम्हरिया, मनोहर साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज खम्हरिया, योगेश्वरी साहू अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ खम्हरिया, बलदेव साहू अंकेक्षक तहसील साहू समाज नगरी, भुनेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र सिरसिदा थे। कार्यक्रम में समाजजन परमानंद साहू, दिनेश साहू, भुनेश्वर साहू, राजू साहू, सहदेव साहू, देवलाल साहू, कालूराम साहू, सहदेव साहू समेत ग्रामीण साहू समाज उपस्थित थे। शिविर में डॉ. तुलाराम साहू होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, डॉ एम.पी.चन्द्राकर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आशीष साहू आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, विवेकचंद साहू, श्रवण चौहान, त्रिनाथ नेताम, रमेश नवरत्न, सुरेन्द्र तारम, भोजराज सिदार, भागेलाल नागवंशी, संतोषी मानिकपुरी ने वात रोग, गठिया वात, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर, मासिक धर्म, अनियमितता, अर्श रोग, उदर रोग, चर्म रोग, पुराना श्वास, कास रोग, पथरी, ब्लड प्रेशर, लकवा, सिकलिन की जांच की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। युवा ग्रामीण साहू समाज ने लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने की कोशिश की है जो सराहनीय है। इस आयोजन में युवा ग्रामीण साहू समाज खम्हरिया के अध्यक्ष सोनसाय साहू, कोषाध्यक्ष हर्षित साहू, उपाध्यक्ष,पूणेन्द्र साहू, सचिव हरिवंश साहू, लीलाराम साहू, हुलाश साहू, अभिषेक साहू, ज्ञानेश्वर साहू, गोपाल साहू, विनय साहू, देवेन्द्र साहू, पीयूष, गिरीश, भावेश, कुलदीप साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन पुनाराम साहू ने किया।

### मेघा में गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा जारी

- प्रतिदिन प्रातः योग, ध्यान, प्राणायाम होगा

**मगरलोड।** ग्राम मेघा में ग्रामवासियों व क्षेत्रीय प्रज्ञा परिजनों के सहयोग से 23 से 26 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु समिति बनाई गई है। गंगाराम साहू अध्यक्ष, कृष्णा राम साहू उपाध्यक्ष, चंद्रहास साहू कोषाध्यक्ष, ऋषिकुमार साहू सचिव, युवराज साहू उपसचिव, संरक्षक मंडल योगेश्वर साहू, शंकर साहू सरपंच, सुखीराम साहू, नकछेडू राम साहू, प्रेमलाल साहू, राधेश्याम साहू, पूरनलाल साहू, दयाराम साहू बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में बलीराम साहू, हुलेश कश्यप, राधेश्याम साहू, सुकलाल प्रजापति, वेदलाल प्रसाद, रामप्यारी साहू, अहिल्या साहू, शकुन साहू, मानिक साहू, ओमबाई साहू, डेमिन साहू शामिल हैं।


### देमार में क्रिकेट प्रतियोगिता 28 से



**धमतरी।** मां महामाया क्रिकेट क्लब देमार द्वारा 28 दिसंबर से 3 जनवरी 2024 तक सात दिवसीय ओपन स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन झलमला तालाब देमार में किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रवेश शुल्क 451 रूपये रखा गया है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय 5100 रूपये व तृतीय पुरस्कार 2100 रूपये है। इसके अतिरिक्त अन्य आकर्षक पुरस्कार भी रखे गये हैं।

### आलेखुंटा में पंथी स्पर्धा 25 से, मड़ई 26 को

**सिर्री।** ग्राम आलेखुंटा में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाबा घासीदास पंथी प्रतियोगिता का आयोजन 25 और 26 दिसम्बर को किया गया है। प्रवेश शुल्क 101 रूपये निर्धारित है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 4001 रूपये, तृतीय 3001 रूपये, चतुर्थ 2001 रूपये रखा गया है। 25 दिसंबर सोमवार की सुबह 11 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 12 बजे सतनाम ज्योति कलश स्थापना होगी।



अंतिम दिवस 26 दिसंबर को मड़ाई मेला का आयोजन होगा। मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरमयी लोक दर्पण चंदन बांधे की विशेष प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष दीपक मनहरे, उपाध्यक्ष मंशाराम चतुर्वेदी, सचिव दीनू राम मनहरे, कोषाध्यक्ष दुर्गेश, परमानंद, भुनेश्वर, संयोजक राजेंद्र, जितेंद्र, अनिल, कैलाश, अशोक सहित अन्य समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## अंचल की खबरें

### बृजमोहन-केदार के पुनः कैबिनेट मंत्री बनने पर हर्ष



**नगरी।** प्रदेश के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल एवं केदार कश्यप को पुनः कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह एवं भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा ने हर्ष व्यक्त किया है। इन्होंने कहा कि बृजमोहन एवं केदार के अनुभव का लाभ प्रदेशवासियों को मिलेगा। मोदी की गारंटी पर हमारी सरकार बनते ही काम कर रही है, आगे भी करते रहेगी।

### शाला भवन निर्माण कार्य के लिए हुआ भूमिपूजन



**अंवरी।** ग्राम पंचायत जोरातराई में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। ज्ञात हो कि भवन निर्माण कार्य के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वीकृति प्रदान की थी। ग्रामीण लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। इस दौरान श्रीमती परमेश्वरी साहू सभापति जनपद पंचायत कुरूद, सरपंच खिलावन पाल, शाला विकास समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू, पूर्व सरपंचद्वय टेकराम साहू, मानकलाल साहू, सुदामाराम साहू, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, बंशीलाल साहू, श्रीमती फेकन साहू, कृष्णा साहू, किरण साहू, लक्ष्मी साहू, लिकेश्वरी साहू, असबती निर्मलकर, प्रधानपाठक जीआर साहू, स्टाफ महेंद्र साहू, होचंदडान्डे सोनकर, पुष्पा ठाकुर समेत गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### नृत्य स्पर्धा में गोतियारडीह व धमतरी की मंडली अव्वल



- मड़ेली में गुरु घासीदास की 267 वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम

**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली में सतनाम धर्म जागरूक सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाबा गुरु घासीदास की 267 वीं जयंती पर पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागी मंडलियों को पुरस्कृत किया गया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सत हवे महान नर्तक झांकी दल गोतियारडीह, द्वितीय स्थान जय सतनाम अजय अमर पंथी पार्टी बिरेझर दुर्ग, तृतीय स्थान स्वर झंकार पंथी पार्टी छाती एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी साल्हेवारपारा धमतरी, द्वितीय स्थान सत आधार पंथी मंगल भजन बम्हनी ने प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ मीनार पर गब्दी, सर्वश्रेष्ठ गायन कोपेडीह, वादन दूधवारा, अनुशासन कोसा, सर्वश्रेष्ठ नृत्य बंगोली, वेशभूषा में सेजबहार को विशेष पुरस्कार दिया गया।

### सेमरा के मुक्तिधाम की सफाई कर किया रंगरोगन



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र छात्राओं ने सात दिवसीय शिविर में दिनचर्या को ध्यान में रखते हुए इकाई का संचालन किया। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं द्वारा परियोजना कार्य में 7 दिनों तक अलग-अलग कार्यों को अंजाम दिया गया। छात्र-छात्राओं ने ग्राम सेमरा के तकरीबन 20 वार्ड में साफ सफाई की। माता तालाब की सफाई की। द्वितीय दिवस खंडहर में तब्दील विद्यालय एवं चार एकड़ मैदान को उपयोगी बनाया। प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला की साफ सफाई की। ग्राम सेमरा के मुक्तिधाम की सफाई कर रंगरोगन किया। प्रधानमंत्री आवास में श्रमदान कर सरकार की राशि को बचाने का प्रयास किया एवं समाज को श्रमदान का महत्व बताया। समापन अवसर पर पहुंचे पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, सांसद प्रतिनिधि कमल डागा ने रासेयो छात्रों के कार्यों की जमकर तारीफ की।

### बोदाछापर में कलश यात्रा निकली



**पुरी।** बोदाछापर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह जानकारी मिलन मरकाम ने दी है।

## गणितीय चित्रकला एवं रंगोली में 50 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा द्वारा गणित सप्ताह अंतर्गत गणितीय चित्रकला एवं गणितीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नवमी से 12वीं तक के कुल 50 बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए गणितीय सिद्धांतों एवं अवधारणाओं को प्रदर्शित किया। परिषद के संयोजक आरडी प्रजापति व्याख्याता गणित ने बताया कि गणित परिषद द्वारा 15 से 22 दिसंबर तक गणित सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रतिदिन गणित से संबंधित अवधारणाओं को सरलता पूर्वक समझने हेतु गणितीय चित्रकला, गणितीय रंगोली एवं गणित ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह परीक्षा उनकी वार्षिक परीक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सहायक होगी। इस अवसर पर श्रीमती अनिभा अग्रवाल प्राचार्य, वरिष्ठ व्याख्याता डीसी खत्री, सुश्री एस पटेल, के साहू, एन साहू, ओएस साहू, जेके पटेल, आरएस साहू, पीके साहू, डी नायक, स्कूल स्टाफ समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जीवन में सफलता के लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजमगांव में प्राचार्य डॉक्टर सीआर यदु एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मडेली में किया जा रहा है। चतुर्थ दिवस प्रातः कालीन शिविरार्थियों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। स्वयंसेवकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद स्वच्छता कार्यक्रम अभियान चलाया गया जिसमें सड़कों, गलियों, तालाब की पचरी की सफाई की गई।

प्राचार्य डॉ. सीआर यदु ने कहा कि हमें कॉलेज के आरंभिक दिनों में ही करियर पर ध्यान देने की जरूरत है जिससे हम जल्द ही आत्मनिर्भर बन सके। मुख्य अतिथि मनोज टंडन ने करियर गाइडेंस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज करियर निर्माण नवयुवकों की प्राथमिकता आवश्यकता है। टाइम मैनेजमेंट एवं लक्ष्य के प्रति एकाग्रता से हम अपने करियर को ऊंची स्थिति पर पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक पृथ्वीराज साहू, लीना बैस तथा सभी स्वयंसेवक शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन वेणु कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन पुष्पा दर्रो ने किया।

## गुरू घासीदास ने सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी

- चिटौद में मनाई गई जयंती, समाजजनों ने जैतखाम में सफेद ध्वज चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)



ग्राम चिटौद में संत गुरू घासीदास की जयंती मनाई गई। समाजजनों ने जैतखाम में पूजा-अर्चना कर पालकी एवं सफेद ध्वज चढ़ाया। सामूहिक आरती की गई। समाजजनों ने पंथी नृत्य के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली। इसके बाद पंथी नृत्य का आयोजन हुआ। इस अवसर पर रमेश जोगी, अंजोर सिंह बारले, किशन गोयल, सतानंद गोयल ने कहा कि संत गुरू घासीदास ने सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनकी सत्य के प्रति अटूट आस्था थी। उन्होंने समाज में एकता बढ़ाने का कार्य किया। सरपंच कुमारी साहू ने कहा कि संत गुरू घासीदास के बताये गये रास्ते पर चलकर हम अपने जीवन तथा परिवार को खुशहाल बना सकते है।

मौके पर संतानंद गोयल, गिरधर गोयल, विश्वनाथ जोगी, धरम चंदेल, संतराम गोयल, अमित जोगी, ललित गोयल, यशवंत मारकण्डे, दिलीप मारकण्डे, भीम बंजारे सहित जय सतनाम सेवा समिति के सदस्य मौजूद थे।

गोजी में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

## नशामुक्त समाज बनाने के लिए 48 स्वयंसेवक जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम पंचायत गोजी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी इकाई द्वारा 21 से 27 दिसंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि गोजी सरपंच थानेश्वर तारक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसरपंच कृष्ण कुमार साहू ने की। विशेष अतिथि पंच संजय साहू, विज्ञान साहू, डेमन साहू, मोंगरा साहू, भारती साहू, शांति साहू, ललित साहू, लक्ष्मी साहू, रुक्मणी साहू, सचिव विशाल नगारची व ग्रामीण समाज के अध्यक्ष डॉक्टर बरातु साहू, चिंवरी परिक्षेत्र के अध्यक्ष पोखराज साहू , दाऊराम वैष्णव थे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। अतिथियों का गुलाल चंदन से वरिष्ठ स्वयंसेवक द्रोण यादव, खिलेश्वर साहू, महेश साहू, नीलकमल निषाद, रामप्रसाद, दिनेश साहू, घनश्याम भारती, पिंगला भारती, भूपेंद्र दास, तारिणी, कुसुमलता द्वारा सम्मान किया गया।

सरपंच श्री तारक ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे स्वयं एनएसएस के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता, लाभ और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी दुर्गा सिन्हा ने बताया कि नशामुक्त समाज बनाने जैसे उद्देश्य को लेकर वे सात दिवस के लिए गोजी में समर्पित हैं। विशेष शिविर में 48 स्वयंसेवक उपस्थित हुए हैं जिसमें छात्राओं की संख्या 29 और छात्र की संख्या 19 है।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सक द्वारा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ



पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
29 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर



प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### चरमुड़िया में श्रीमद् भागवत कथा जारी



**डांडेसरा(धमतरी)।** रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में शिवलाल साहू पूर्व सैनिक की पुण्य स्मृति में साहू परिवार द्वारा 22 से 30 दिसम्बर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक जय महाराज शर्मा होंगे।


### सुशासन दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम



**धमतरी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में नगर निगम कार्यालय में मनाई जायेगी। आयुक्त विनय कुमार के निर्देश पर उपयुक्त पीसी सार्वा ने अधिकारियों-कर्मचारी के साथ सुशासन दिवस की पूरी तैयारी कर ली है। निगम कार्यालय में सुबह 10 बजे रंगोली, निबंध प्रतियोगिता होगी। 12 बजे अटल विचार संगोष्ठी व अन्य आयोजन होंगे। सुशासन दिवस पर शाम 5 बजे अटल जी की जीवनी पर प्रदर्शनी, कविता पाठ, कवि सम्मेलन होगा।

### महिला सशक्तिकरण पर हुई विविध प्रतियोगिता





**धमतरी।** केएल उद्यानिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रंगोली, निबंध, चित्रकला एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य आरके पांडे ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रियदर्शी तिवारी, सुश्री केसरी साहू, सुश्री तनु सिंह, लोकनाथ साहू समेत समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे।

### उमरगांव में मड़ई मेला आज



**नगरी।** ग्राम के इष्ट देव खांबेश्री बाबा के प्रांगण पर अग्हन माह के अंतिम रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया जाता है जिसमे आसपास के देवी देवताओं की डांग डोली, आंगा देव की उपस्थिति रहती है। ग्राम उमरगांव छिन्दीटोला के ग्रामीणों के सहयोग से खंबे श्री बाबा के प्रांगण पर 24 दिसम्बर रविवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। एक सप्ताह पहले मीना बाजार का झूला लग चुका है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रात्रि में लोगों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु ग्राम उमरगांव में छत्तीसगढ़ी मोर मयारु बेटा नाचा पार्टी की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे से होगी।

### पेड़ों ने ओढ़ी कोहरे की चादर



**सिर्री।** जिले में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। बीते दिनों मौसम के तापमान में काफी गिरावट देखने को मिली। सिर्री अंचल में सुबह व शाम कोहरे की चादर बिछ जाती है। सुबह 6 बजे पेड़ों में छाया धुंध ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो कोहरे ने पेड़ों को अपने आगोश में ले लिया हो।

### बेलौदी स्कूल में भारतीय गणितज्ञ की जयंती मनी



**मगरलोड।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलौदी में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य वासुदेव ठाकुर और शिक्षक गण उपस्थित थे। शाला के व्याख्याता संतोष साहू, जितेन्द्र साहू ने श्री रामानुजन द्वारा गणित विषय पर किये गये शोध कार्य और योगदान पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि शरीर बीमार हो सकता है लेकिन मन नहीं। अंतिम समय उन्होंने मॉक थिटा फलन की खोज की। संतोष साहू ने कहा कि रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में गहन योगदान दिया। इन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किया वरन भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया। इस कार्यक्रम में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रमेय एवं सिद्धांतों को चित्र चार्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर तिलकराम साहू, शीतराम ध्रुव, अशोक कश्यप, नारायन साहू, पेमेश्वरी कंवर, हेमलता साहू, सोफिया सैनिक, डोमेश्वर ध्रुव व्याख्याता समेत शाला के कक्षा 12 वीं गणित के टॉपर पूर्व विद्यार्थी तोमेश्वरी पाल, मुकेश साहू उपस्थित थे।

### बिरेझर में जयंती मड़ई 28 को

**जीजामगांव।** सतनामी समाज बिरेझर के तत्वावधान में 28 दिसंबर गुरुवार को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि बुधारूराम गहिवारे, टकेश्वर गहिवारे, सुरेन्द्र लहरे, खेमन लहरे, नरेन्द्र बंजारे ने दी है।

कथा में आज आदि शिवलिंग की उत्पत्ति और पूजन विधि की जानकारी देंगे

शहर में निकली शोभायात्रा

# शिव महापुराण कथा के लिए हुई वेदी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







नगर के धर्मप्रेमियों द्वारा राष्ट्रीय गौशाला मैदान विंध्यवासिनी मंदिर के पास 23 दिसम्बर शनिवार से सात दिवसीय संगीतमय श्री शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग महा अभिषेक महोत्सव का आयोजन किया गया है। कथाव्यास आचार्य प्रवर पंडित रामप्रताप शास्त्री कोविद बेमेतरा वाले हैं जो प्रतिदिन भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। प्रथम दिन शनिवार को जिले के हनुमान मंदिर इतवारी बाजार धमतरी से 3:30 बजे कथा स्थल तक मंगल कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व कथा स्थल में वेदी पूजन हुआ। कथा महात्मय के साथ शिव महापुराण का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा पश्चात गुरूदेव पंडित रामप्रताप शास्त्री व पं. होमन प्रसाद शास्त्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कथा की शुरूआत की गई। इसके बाद आदि शिवलिंग उत्पति, शिवलिंग पूजा विधि विधान से की गई। 25 दिसम्बर को नारद मोह, धनपति कुबेर चरित्र, 26 दिसम्बर को संध्या देवी की कथा, सृष्टि निर्माण, 27 को सती चरित्र, शिवमती विवाह महोत्सव, 28 को पार्वती प्राकट्य उत्सव, श्री शिव-पार्वती विवाह महोत्सव, 29 को त्रिपुरासुर वध, तुलसी चरित्र, वाणासुर वध, कार्तिकेय गणेण जन्मोत्सव, 30 दिसम्बर को शिव के विविध अवतार, द्वादश ज्योर्तिलिंग महिमा, होम यज्ञ, पूर्णाहुति, महाप्रसादी होगा। इसके अलावा 12 ज्योतिर्लिंग, स्फटिकमणि, शिवलिंग का महाभिषेक पूजन प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिदिन होगा। कथा दोपहर 2:30 बजे से शाम तक चलेगी। इस आयोजन के यजमान परिवार उषा-प्रकाश नारायण श्रीवास्तव, जयंती-खेमराज अटभैया, सीता-लेखराज साहू, गौरी-अमित गुप्ता, हेमा-चंदू नायर, सरोज-रामकिशन यादव, मधुरमा-योगेन्द्र साहू, संध्या-नागेश्वर सिंह मौर्य, गुंजा-सुनील साहू, शैल-पूषण-प्रकाश सिन्हा, अर्चना-नरेन्द्र साहू, वंदना-महेश साहू, लक्ष्मी-सुभाष देवांगन हैं।

## भाजपा सरकार ने जनता के साथ किया विश्वासघात : मनीषा



**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कैबिनेट का विस्तार किया गया जिसमें 9 मंत्रियों ने शपथ ली लेकिन इसमें धमतरी जिले सहित सम्पूर्ण महासमुंद संसदीय लोकसभा क्षेत्र से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए धमतरी जनपद पंचायत अध्यक्ष मनीषा साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने न सिर्फ जिले बल्कि सम्पूर्ण महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात किया है। एक ओर भाजपा सभी क्षेत्र को सरकार में समुचित स्थान व समुचित विकास करने की बात करती है। लेकिन जब मंत्री मंडल में स्थान देने की बात आई तो भाजपा सरकार इसके विपरित कार्य कर रही है। पूर्व में जब 15 साल तक जब प्रदेश में भाजपा की सरकार रही तब भी धमतरी विस में विकास उम्मीद के अनुरूप नहीं हो पाया था। धमतरी विधानसभा व महासमुंद संसदीय क्षेत्र में विकास के मुद्दे पर भेदभाव किया जाता रहा है।

## पांच माह में पुलिस ने की 64 चाकूबाजों पर कार्रवाई



**आनलाइन चाकू हथियार बेचने वालों पर कार्रवाई की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीते पांच माह में जिले की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में 64 चाकूबाजों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पहुंचाया है। अब पुलिस आनलाइन चाकू व हथियार मंगवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस ने चाकूबाजों पर कार्रवाई की है। वहीं आनलाइन चाकू व हथियार मंगवाने वालों की पुलिस ने सूची मंगवाई है। सूची मिलने के बाद पुलिस एक बार फिर चाकूबाजों के खिलाफ एक्शन मोड पर है। जुलाई से लेकर अब तक सिटी कोतवाली सहित जिले के थानों व चौकी में 64 चाकूबाजों पर आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत कार्रवाई कर चुकी है। जिसमें सिटी कोतवाली में 25 आरोपी, थाना अर्जुनी में 11, कुरूद में 12, रूद्री 2, भखारा 4, सिहावा 2, बोराई 1, केरेगांव 1, नगरी 1 दुगली 1 व बिरेझर पुलिस चौकी में 4 व्यक्ति के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले भी इन आरोपियों के खिलाफ मारपीट एवं चाकूबाजी के और भी मामले दर्ज हैं।

वहीं चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने आनलाइन चाकू मंगवाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। साइबर सेल प्रभारी को आनलाइन बटंची, चाकू, धारदार हथियार मंगवाने वालों पर नजर रखने निर्देशित किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से चाकू दिखाकर डराने, धमकाने वाले की सूचना तत्काल थाने में देने की अपील की है।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिला कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मुलाकात की तथा विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ता का आदेश सुशासन दिवस पर यदि जारी हो जायेगा तो प्रदेश के कर्मचारियों को लगेगा कि प्रदेश में कर्मचारी हितैषी सरकार आ गई है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के जिला संयोजक दीपक शर्मा, महासचिव गोपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी एमएस भास्कर, शासकीय अनुदान प्राप्त महासंघ के हेमंत ठाकुर, प्रकाश पवार, संजय नारंग, वासुदेव भोई ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने निज सचिव को मुख्य सचिव से चर्चा कराने के तत्काल निर्देश दिये। प्रतिनिधिमंडल में शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला, ओपी शर्मा, कमलेश सिंह राजपूत, आलोक मिश्रा, एसपी देवांगन, सतीश पसेरिया, एसएस सोनी, सुमित दुवे एवं रामस्वरूप पटेल मौजूद थे।

## सिर्री-चिंवरी के बीच बन रहे ओवरब्रिज, रोड में राखड़ से भरी गाड़ियां दे रहीं दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





**शुक्रवार को बोलेरो और पिकअप में हुई भिड़ंत, दोनों चालक सुरक्षित**

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत विशाखापट्टनम तक बनने वाला रोड अब हादसों को आमंत्रण दे रहा है। बीते दिनों 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे सिर्री चिंवरी मार्ग में सीजी 04 केयू 2869 नंबर की बोलेरो और सीजी 07 सीएच 9702 नंबर की पिकअप आपस में भिड़ गई। सिर्री और चिंवरी गांव के बीच बन रहे ओवरब्रिज के कारण प्रोजेक्ट के तहत शामिल राखड़ से भरी गाड़ियां रास्ते में ही लंबी कतार बनाकर रख दी जाती है जिससे राहगीरों को आने जाने में रोज मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

22 दिसंबर की सुबह 9 बजे हमेशा की तरह राखड़ से भरी गाड़ियां रास्ते में ही मोड़ पर रख दी गई। मोड़ होने के कारण से दो गाड़ियां आपस में भिड़ गई। रफ्तार धीमी होने के कारण से चालकों को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बाहर निकल गए। चिंवरी मार्ग से सिर्री जाने रोज स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं। उन पर भी लगातार खतरा बना हुआ है। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के चलते रास्तों में हमेशा धूलों का गुब्बार बना रहता है जिसके चलते राहगीर परेशान है। साथ ही प्रोजेक्ट के तहत धड़ल्ले से चलने वाली गाड़ियां धीमी चलने का नाम नहीं लेती हैं। इससे प्रतिदिन हादसों की आशंका बनी रहती है। 22 दिसंबर को होने वाली दुर्घटना उक्त बातों को प्रमाणित करती है।

## बुरे समय में शासन की योजना आई काम

- आयुष्मान कार्ड से हुए इलाज की बदौलत नवजात अद्वैता हुई स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। गरीब वर्ग के लिए भोजन, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं बनाकर उनके जीवन को खुशहाल बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा प्रदेश वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने और निजी चिकित्सालय में इलाज कराने हेतु आयुष्मान योजना चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को भरपूर मिल रहा है।

धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम छिपली निवासी डिगेन्द्र कुमार जो निर्माण का कार्य करता है, उसकी पत्नी को 10 मई को पुत्री की प्राप्ति हुई, जिसका नाम उन्होंने अद्वैता रखा। जन्म के समय बच्ची का वजन मात्र 1300 ग्राम होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बच्चों के विशेष अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। डिगेन्द्र ने चिकित्सकों से बातचीत की और आने वाले खर्च के बारे पूछा। चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची के इलाज में दवाइयों, अस्पताल की फीस आदि मिलाकर लगभग 5 लाख रूपये का खर्च आयेगा।

5 लाख खर्च की बात सुनकर डिगेन्द्र को चिंता सताने लगी कि इतने पैसों का इंतजाम कैसे होगा। किसी परिचित ने उसे शासन की आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में जानकारी दी। डिगेन्द्र पढ़ा-लिखा समझदार नागरिक था, उसने अपने और अपनी पत्नी के नाम से आयुष्मान कार्ड पहले से ही बनवा रखा था। डिगेन्द्र ने तत्काल चिकित्सकों से बात कर अपनी बच्ची अद्वैता को बच्चों के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। लगभग डेढ़ महीने बच्चे का इलाज करवाने के बाद अद्वैता पूरी तरह स्वस्थ होकर लौटी। बच्ची को देखकर डिगेन्द्र ने भावुक होकर कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजना के कारण आज मेरी बच्ची स्वस्थ हो पाई है। ऐसे बुरे समय में शासन की इस मदद से मुझे बच्ची सकुशल मिल पायी है।

### मुल्ले में मड़ई 27 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुल्ले में 27 दिसंबर बुधवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी कुम्हारी चम्पारण की प्रस्तुति होगी।

## सिर्री में आज दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी के सहयोग से आज 24 दिसम्बर रविवार को दिव्यांग आवासीय विदयालय सिर्री में 11 बजे से विवाह योग्य दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, कोषाध्यक्ष महेश साहू, सलाहकार एचके साहू, उपाध्यक्ष आशीष शर्मा उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने दी है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## कौही में नारायण देव प्रतिमा की हुई स्थापना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महार-महरा झरिया समाज द्वारा रानीतराई कौही देव स्थल में 1920 से स्थापित मंदिर का नवनिर्माण कर विधि-विधान से श्री नारायण देव की स्थापना की गई। साथ ही पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, सरपंच मनोरमा टिकारिया, छग महार-महरा समाज प्रांताध्यक्ष खिलावन चोपडिया, सर्व महार समाज सरक्षक चंद्रभान मेश्राम, मेलाराम तुरियाकर, जयलाल अंगारे, गजेंद्र सारधे, बोधराय खारे, देवजी युवा मंच के सदस्य हरिकिशन पावरिया, सोमेश मेश्राम सहित काफी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसिन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ों पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यन, सायटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

### पूजा-पाठ, जप, तप, महाआरती, पालकी यात्रा के बाद हुआ भंडारा

# साईं जन्मोत्सव पर छोटा शिरडीधाम में दर्शन के लिए लगा भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





छोटा शिरडीधाम साईं मंदिर दरबार कुकरेल में शनिवार को जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मंदिर के संचालक डॉ. संजय सुलेख तिवारी ने बताया कि साईं मंदिर में भक्तों की उपस्थिति में सुबह से देर रात तक विविध अनुष्ठान हुआ जिसका भक्तों ने लाभ उठाया। आयोजन में दूर-दूर से भक्त यहां पहुंचे। साईं बाबा का दर्शन पूजन कर मनोवांछित फल प्राप्त किया।

श्री तिवारी ने बताया कि सुबह 4 बजे से 5 बजे तक बाबा की काकड़ आरती हुई। 5 से 6 बजे तक बाबा का शाही स्नान, पूजा पाठ, जप-तप व आरती हुई। सुबह 7 बजे से 1 बजे तक साईं चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम, सर्व देवी देवता का आह्वान हुआ। सुबह 11 बजे साईं पालकी शोभायात्रा निकाली गई जिसका गांव में भ्रमण करवाया गया।

पालकी यात्रा में झांकी और चल चित्रण कर पालकी को सजाया गया था। दोपहर 12 बजे हवन, पूजन पूर्णाहुति एवं साईं भजन का कार्यक्रम हुआ। दोपहर 1 बजे आरती हुई। दो बजे भजन कीर्तन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने साईं खिचड़ी, भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक ऋतुराज पवार के निर्देशन में कुलेश्वर साहू, योगेश साहू, सुनील साहू, शांतनु साहू, बलराम ध्रुव, राकेश, किशोर जैन, संतराम साहू, डिगेश साहू, केशर साहू, दिलीप साहू, संतोष साहू, राधेश्याम साहू, शिवा गुप्ता, यमन साहू, नीरज पटेल, कमलेश साहू, हेमंत साहू, देवकुमारी साहू, कामता प्रसाद, मुकेश्वरी साहू, जागेश्वर साहू, कमलेश मरकाम, सीताराम मरकाम, मनीष शर्मा, प्रवीण दुबे सहित अन्य साईं भक्त जुटे हुए थे।

## कबड्डी खेलते आत्मानंद स्कूल अरमरी का छात्र हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आत्मानंद स्कूल का छात्र परिसर में कबड्डी खेलते घायल हो गया है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरमरी स्थित आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को सुबह कक्षाएं लगी थी। कक्षा 11वीं का छात्र नवीन साहू पिता कृष्णा ग्राम खेरथा निवासी भी शनिवार को सुबह स्कूल गया था, जहां लंच ब्रेक में नवीन अन्य छात्रों के साथ स्कूल परिसर में कबड्डी खेल रहा था। कबड्डी खेलने के दौरान छात्र मैदान में अचानक गिर गया। इस घटना में छात्र की बायीं जांघ में गंभीर रूप से मोच आ गई है। छात्र के पैर की हालत देख फ्रेक्चर होने की आशंका है। संजीवनी 108 की मदद से छात्र को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## साहू समाज के कार्यक्रम में आज आयेंगे उप मुख्यमंत्री, प्रशासन ने तैयारी का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



### युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ साहू समाज के सभी विधायकों का होगा सम्मान

साहू समाज द्वारा 24 दिसंबर को युवक- युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन पुरानी कृषि उपज मंडी में किया गया है जिसमें राज्य में साहू समाज से चुने हुए सभी विधायकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी पहुंचेंगे।

वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए शनिवार को अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीम डॉ विभोर अग्रवाल और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पुरानी कृषि उपज मंडी कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने साहू समाज के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रोटोकॉल के अनुसार अरुण साव सुबह 11 बजे रुद्री हेलीपैड में पहुंचेंगे वहां से कार द्वारा कार्यक्रम स्थल जाएंगे। 45 मिनट रुकने के बाद वे वापस हेलीकॉप्टर से रायपुर के लिए रवाना होंगे। संभावना यह है कि उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी पहुंच सकते हैं।

कार्यक्रम में अरुण साव उपमुख्यमंत्री, विधायकगण ओंकार साहू धमतरी, मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण, इंद्रकुमार साहू अभनपुर, रोहित साहू राजिम, दलेश्वर साहू डोंगरगांव, भोलाराम साहू खुज्जी, ईश्वर साहू साजा, दीपेश साहू बेमेतरा, बालेश्वर साहू जैजेपुर, संदीप साहू कसडोल और इंद्र साव भाटापारा आयेंगे।

जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महामंत्री यशवंत साहू, मीडिया प्रभारी डॉ भूपेन्द्र साहू ने बताया कि रविवार को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें 700 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। नव निर्वाचित साहू विधायकों का सम्मान किया जाएगा।

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, कलकत्ता
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411

double dhamal offer
शॉपिंग को बनाईये यादगार
सुमीत बाजार
क्रिसमस एवं न्यू ईयर की हार्दिक शुभकामनाएं
2023 का Good-BUY Offer
रु 1 का सिक्का उपहार पक्का
ऑफर 31 दिसम्बर 2023 तक
मात्र ₹1 में ब्रांडेड कुशन कव्हर 100% कॉटन 16 x 16 size 2 पीस का सेट बाजार मूल्य ₹149 & above ₹599 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में ब्रांडेड पॉवर एडाप्टर + स्टीरियो हेडफोन + एलईडी लैम्प बाजार मूल्य ₹399 & above ₹999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में ब्रांडेड लेपटॉप बैग विथ पाऊच बाजार मूल्य ₹799 & above ₹2199 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में एक्सपोर्ट क्वालिटी ब्रांडेड चटाई 5 x 7 size ₹3999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में ब्रांडेड डबल बेडशीट सेट LAWMAN Pg3 बाजार मूल्य ₹1499 & above ₹6999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में ट्रेवल ट्रॉली डफल बैग + ब्रांडेड डेस्कटॉप ऑडियो विथ नाईट लैम्प बाजार मूल्य ₹3499 & above ₹15999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में नोटिका ब्रांड ट्रेवल सेट (7 पीस का सेट) बाजार मूल्य ₹12399 & above ₹25999 की खरीदी पर
छत्तीसगढ़ में पहली बार! 10 CRORE से अधिक के उपहार
1 करोड़ के स्वर्ण आभूषण और TATA NEXON SAMRT CAR दोनों ?!
जी हाँ, आपकी एक खरीदारी आपको दिला सकती है दो बार इनाम, साथ में 5 कूपन पर फ्री गिफ्ट भी!
नियम और शर्तें –
• यह ऑफर 31 दिसम्बर 2023 तक वैध है, सभी ग्राहक इस ऐतिहासिक योजना का लाभ उठा सकते हैं. • योजना में दर्शाये गये आयटम खत्म होने पर दूसरा आयटम दिया जा सकता है. • योजना को बंद अथवा परिवर्तन करने का संपूर्ण अधिकार सुमीत बाजार के पास सुरक्षित है. • योजना में दर्शाये हुए चित्र सांकेतिक है. • 1 रू. वाली यह योजना निश्चित खरीदी पर लागू है, जैसा ऊपर विज्ञापन में दर्शाया गया है. • ऑफर स्टॉक रहने तक
*condition apply
अमलतासपुरम के पास, रूद्री रोड, धमतरी